हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 5 सितंबर 2025

10 नवयुग तरुण मंडल के संस्थापक सचिन...



10 एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों...





नारनौल। नागरिकों की शिकायतें सुनते सीटीएम डॉ. मंगल सेन। फोटो : हरिभूमि

# जियो फेसिंग के विरोध में आज उपवास रखेंगे आयुष कर्मी

**नारनौल।** जियो फेसिंग का विरोध में पांच सितंबर को आयुष विभाग के कर्मचारी उपवास करेंगे, जबकि रोगियों की चिकित्सा कार्य जारी रहेगा। एसोसिएशन के प्रधान अनिल यादव ने बताया कि जियो फेसिंग अटेंडेंस सिस्टम में काफी त्रुटियां नजर आ रही है, क्योंकि यह सीधे-सीधे मोबाइल से जुड़ा हुआ है। आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सक को स्कूल हेल्थ चैक अप कार्यक्रम एवं विभिन्न गांव में आयुष चिकित्सा शिविर लगाने के लिए व लोगों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करने के लिए कार्यक्रम करवाने होते हैं, जिसके लिए चिकित्सा केंद्र से बाहर जाना पड़ता है। इस अवस्था में जियो फेसिंग अटेंडेंस सिस्टम उसको ड्यूटी से अनुपस्थित दिखाएगा। जियो फेसिंग अटेंडेंस सिस्टम एक प्राइवेट ऐप है, जिससे अधिकारी एवं कर्मचारियों की प्राइवेसी एवं डेटा लीक होने की संभावना रहेगी।

# समाधान शिविर में सीटीएम ने सुनीं आमजन की शिकायतें

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय में सीटीएम डॉ. मंगल सेन ने आमजन की शिकायतें सुनी। समाधान शिविर में कुल 84 शिकायतें आई, जिनमें अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया गया। सीटीएम ने बताया कि ये समाधान शिविर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में न केवल शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाती है, बल्कि संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट भी ली जाती है, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, पुलिस, बिजली, पानी व सड़कों से संबंधित शिकायतें आ रही हैं। इस मौके पर डीएसपी भारत भूषण के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## गगन सैनी का आमरण अनशन समाप्त

**महेंद्रगढ़।** डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक पर नये सदस्यों को चुनाव में शामिल नहीं करने पर बीते छह दिन से सैनी क्षत्रिय सभा के पूर्व प्रधान श्रीराम सैनी के पुत्र गगन सैनी द्वारा दिए गए आमरण अनशन वीरवार को समाप्त हो गया हैं। विधायक के पुत्र राहुल यादव ने गगन सैनी को जूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया हैं। राहुल यादव ने गगन सैनी को समझाते हुए तथा अनशन तोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने गगन सैनी से कहा कि समाज को आपकी सेवा की जरूरत है। इसलिए स्वस्थ शरीर का होना जरुरी है। लगातार छह दिन अन्न त्यागने से शरीर में कोई बड़ी क्षति हो सकती है। आपके परिवार और समाज तथा स्वास्थ्य के लिए आप ये अनशन समाप्त करो। सारी बात सुनकर उन्होने कहा समाज का चुनाव भाईचारे और सबकी सहमति से होना चाहिए, वोट का अधिकार सभी को मिलना चाहिए। उनका यह आग्रह स्वीकार करते हुए गगन सैनी ने अपने सभी समर्थको को संबोधित करते हुए कहा कि वह समाज के हकों के लिए हमेशा लड़ता रहेगा। इस मौके पर कैलाश चंद, रुड़मल, ओमप्रकाश, सुनील मदरसा, श्यामा सैनी, सोनू पार्षद, जिलेसिंह फौजी, कृष्ण मदरसा, परमेश्वर, जुली फूलवाला, सूरज बागड़ी, अमरसिंह पूर्व सचिव, नेतराम हलवाई, डॉ. रवि, देवेन्द्र देबू, ओमप्रकाश ओपी, अजीत फूल वाला, हेमन्त, जयंत, मुकेश, भोलू, बलवान, अत्तर सिंह, ऋषिराज, सुमेर सिंह बिल्लू व भगवान दास आदि मौजूद रहे।









# नवयुग तरूण मंडल के संस्थापक सचिन कौशिक की पुण्यतिथि पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नवयुग तरूण मंडल के सदस्यों ने संस्था के संस्थापक स्वर्गीय सचिन कौशिक की आठवीं पुण्यतिथि पर राजकीय महाविद्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके याद किया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने गोपाल गोशाला में गायों को गुड़, अनाज व झुग्गियों में जाकर फल व खादय सामाग्री वितरित की। इसके अलावा राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया। वही सचिन कौशिक के चित्र पर पुष्प अर्पित करके दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।


नारनौल। स्व. सचिन कौशिक को नमन करते मंडल सदस्य व अन्य। फोटो: हरिभूमि

इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य जगजीत सिंह मोर मुख्य अतिथि रहे। वहीं पूर्व छात्र संघ व संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभम कौशिक ने कहा कि सचिन कौशिक ने छात्र हितों व समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए। इस दौरान नवयुग तरूण मंडल के महासचिव ओमप्रकाश सैनी ने बताया कि चार वर्ष पूर्व चार सितम्बर को एक सड़क दुर्घटना में सचिन कौशिक, उनके चचेरे भाई नमन कौशिक, जो भारत स्काउट के राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित होने थे तथा चचेरी बहन पूनम कौशिक का निधन हो गया था। इस मौके पर प्रोफेसर नरेश यादव, प्रोफेसर अमीष यादव, संस्था सचिव विकास घाटाशेर, राधे यादव, महेश टाईगर, हिमांशु, गौरव शर्मा, महिपाल, आशु, अमित आदि मौजूद थे।

# रामबास विद्यालय में अतिरिक्त निदेशक ने किया निरीक्षण

**महेंद्रगढ़।** गांव रामबास स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आरएमएसए स्कूल शिक्षा विभाग हरियाणा पंचकूला अतिरिक्त निदेशक संजीव कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की कक्षाओं में जाकर अध्यापकों की उपस्थिति, छात्रों की पढ़ाई, स्मार्ट क्लास, डिजिटल बोर्ड, पुस्तकालय और विभिन्न प्रयोगशाला की व्यवस्था का जायजा लिया। भौतिक, रसायन और गणित की प्रयोगशालाओं का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक गतिविधियों की भी समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने विद्यालय में चल रहे मध्याह्न भोजन योजना की गुणवत्ता परखा और भोजन बनाने की रसोई व भंडारण कक्ष का भी निरीक्षण किया। बच्चों से बातचीत के दौरान उन्होंने पढ़ाई, खेलकूद और उनके भविष्य के सपनों के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण में विद्यालय की साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, पौधारोपण, अनुशासन और सह-पाठयक्रम गतिविधियों की भी सराहना की गई। उन्होंने विद्यालय स्टाफ को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के दिशा-निर्देश दिए। विद्यालय प्रधानाचार्य अमरपाल यादव ने अतिरिक्त निदेशक का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से विद्यालय के विकास में और अधिक गति मिलेगी।


रेवाड़ी। बैठक करते हुए एसयूसीआई के कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

## एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सहायता पहुंचाने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने प्रदेश में अतिवृष्टि, जलभराव व बाढ़ जैसे हालात के को लेकर अनहोनी से निपटने और बचाव व राहत के लिए हरियाणा सरकार से युद्ध स्तर पर पुख्ता कदम उठाने की मांग की। एसयूसीआई के वक्ताओं ने कहा कि अनेक स्थानों पर जनहानि, पशुधन की हानि, मकान ढहने और फसल खराबे के समाचार मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस दिशा में यदि पर्याप्त कदम नहीं उठाए तो 1995 जैसी तबाही का सामना करना पड़ सकता है। पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड राजेन्द्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार को चाहिए कि वे बिना किसी देरी के बाढ़ प्रभावित राज्यों की सरकारों को तमाम सहायता और साधन तत्पर उपलब्ध कराएं। राहत कार्यों के साथ-साथ हर तरह के नुकसान की भरपाई की जाए। वीरवार को पार्टी की हरियाणा राज्य कमेटी की मीटिंग पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में पार्टी पोलिटब्यूरो सदस्य कॉमरेड सत्यवान तथा केंद्रीय कमेटी सदस्य कॉमरेड शंकर घोष भी मौजूद थे। पार्टी ने संतोष व्यक्त किया कि मेवात सहित हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से लोग पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री भिजवा रहे हैं। पार्टी अपने स्तर पर भी राहत कार्यों में यथासंभव मदद करने का निर्णय लिया। वक्ताओं ने कहा कि दवाई व अन्य सामग्री एकत्रित की जाएगी। चिकित्सा संबंधी मेडिकल सहायता के साथ वॉलेंटियर भेजने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर पार्टी के अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।










राव इन्द्रजीत सिंह
केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार
आरती सिंह राव
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, शोध और आयुष मंत्री हरियाणा सरकार
हरिभूमि अखबार के 30वें स्थापना दिवस
एवं शिक्षक दिवस की
सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक
शुभकामनाएं
एडवोकेट हेमन्त भारद्वाज
M. 8901009596
भाजपा नेता एवं
सह सचिव गौड़ ब्राह्मण सभा नारनौल


आप सभी को हरिभूमि के स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
चुनाव चिन्ह
चाबी
राजकुमार खातोद
जिला प्रधान जजपा महेंद्रगढ़
बेदू राता
हल्का प्रधान अटेली


सशक्त पत्रकारिता, सशक्त राष्ट्र
आप सभी को
हरिभूमि के
30वें स्थापना दिवस एवं
शिक्षक दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
ओम प्रकाश यादव
विधायक, नारनौल एवं पूर्व मंत्री हरियाणा
गजेन्द्र यादव
सोमेश यादव
विक्की राव
अनूप यादव
अजीत सिंह (बिल्लू)


हरिभूमि
के 30वें स्थापना दिवस
की सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक
शुभकामनाएं
डॉ. राजवती यादव
जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस, महेन्द्रगढ़
विधानसभा नारनौल


आप सभी को हरिभूमि के
30 वें स्थापना दिवस की हार्दिक
शुभकामनाएं
चुनाव चिन्ह चाबी
राजकुमार खातोद
जिला प्रधान
ओमप्रकाश इंजीनियर
वरिष्ठ जजपा नेता
सुरेंद्र पटीकरा
हलका प्रधान नारनौल
एडवोकेट प्रमोद ताखर
हलका प्रधान नांगल चौधरी
धर्मपाल तोबडा
वरिष्ठ जजपा नेता अटेली
विजयपाल एडवोकेट
जिला प्रधान जाट महासभा
अशोक सैनी
वरिष्ठ नेता नारनौल
हजारीलाल लंबोरा
वरिष्ठ जजपा नेता नांगल चौधरी
सिकंदर गहली
विजय छीलरो
जिला प्रवक्ता
अजय चौधरी
वरिष्ठ अधिवक्ता
अनमोल गुप्ता
जजपा नेता नारनौल
दीपक यादव
नारनौल
रानबीर
जजपा नेता गहली


BJP
आप सभी को हरिभूमि के
30वें स्थापना दिवस एवं
शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अभय सिंह यादव
पूर्व सिंचाई मंत्री, हरियाणा सरकार

### 16.43 करोड़ की लागत से पीडब्ल्यूडी विभाग कराएगा निर्माण

# नांगल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग का नक्शा हुआ स्वीकृत

- स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के निर्देशों पर बिल्डिंग के निर्माण भूकंपरोधी तकनीक का होगा इस्तेमाल
- चीफ आर्किटेक्ट ने जरूरी औपचारिकताएं पूरी करके निर्माण को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नांगल चौधरी को जल्द ही नई बिल्डिंग मिलेगी। इसके लिए विभाग के चीफ आर्किटेक्ट ने बिल्डिंग के ड्राफ्टिंग मैप में जरूरी औपचारिकताएं पूरी की व फाइल को मंजूरी दे दी। अब नक्शा फाइल को पीडब्ल्यूडी विभाग के पास भेजा गया है, साथ स्वीकृत बजट का पत्र संग्लन कर दिया। जिसके अनुसार जल्द ही बिल्डिंग निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए गए हैं। भवन निर्माण की प्रक्रिया में भूकंपरोधी तकनीक का इस्तेमाल करने की विशेष हिदायत दी गई है।

आपको बता दें कि नांगल चौधरी में 16 मई 1968 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला रखी थी। उस दौरान आबादी कम थी, जिस कारण विभाग को अधिक भवनों की जरूरत महसूस नहीं हुई। मरीजों को सात कमरों में ओपीडी व अन्य सुविधाएं मुहैया कराई गई थी। पीएचसी के कैंपस में रिहायसी क्वाटरों का भी निर्माण कराया गया था, ताकि चिकित्सक स्टॉफ को आपातकालीन सेवाएं देने में सहूलियत रहे। इसके बाद 2000 में पीएचसी को अपग्रेड करके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तबदील कर दिया है। जिसके अंतर्गत 84 गांव व ढाणियों को सात पीएचसी व 27 उप स्वास्थ्य सेंटरों में विभाजित किया गया। सीएचसी को 1.85 लाख आबादी के इलाज की जिम्मेवारी सौंपी गई है, लेकिन बिल्डिंग उपलब्ध नहीं करवाई। करीब 55 साल पहले निर्मित सीएचसी के कमरे कंडम हो गए तथा कई कमरों की छतों की प्लास्टर तक गिर चुका। वर्तमान स्थिति में यहां कर्मचारी व मरीजों को जानलेवा खतरा बना हुआ है। शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री ने दिसंबर महीने में प्रदेश स्तर पर सीएचसी, पीएचसी के कंडम भवनों की रिपोर्ट मांगी गई थी। विभाग ने नांगल चौधरी सीएचसी समेत उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई थी। स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों पर विभाग ने सीएचसी की बिल्डिंग निर्माण का एस्टीमेट और नक्शा तैयार किया था। नक्शे को विभाग की चीफ आर्किटेक्ट की स्वीकृति मिलने पर निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। विभाग ने पीडब्ल्यूडी को नक्शा फाइल तथा स्वीकृत बजट भेज दिया है। जल्द ही टैंडर व अन्य प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।



नांगल चौधरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का कंडम भवन। फोटो : हरिभूमि

### मरीजों को सुगमता पूर्वक इलाज मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता



स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशानिर्देशों में प्रदेश स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। नागरिक अस्पताल स्तर पर मरीजों को डायलिसिस समेत सभी मूलभूत इलाज सुविधा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाई व स्टॉफ का प्रबंध है। जहां बिल्डिंग कंडम है, वहां नवनिर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मरीज को सुगमता पूर्वक इलाज मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता है।

### तीन मंजिल की बिल्डिंग में दो लिफ्टों की रहेगी सुविधा

विभागीय जानकारी के अनुसार सीएचसी के तीन मंजिले भवनों का निर्माण भूकंपरोधी तकनीक से होगा तथा दो लिफ्टों की सुविधा रहेगी। ड्राफ्टिंग मैप के अनुसार बजट राशि निर्धारित की गई है। प्रांगण में ही वाटर हेयरवेस्टिंग का प्रबंध किया जाएगा, ताकि मरीजों को जलभराव की समस्या नहीं रहे। टैंडर के दौरान निर्माण पूरा करने की अवधि निर्धारित की जाएगी।

### पुराने भवनों को किया कंडम घोषित


पीडब्ल्यूडी विभाग की रिपोर्ट मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के सीएचसी के भवनों को कंडम घोषित कर दिया है। अब तोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, इसलिए पुराने कमरों में उपलब्ध सभी सुविधाओं को दूसरे कमरों में स्थापित करना शुरू कर दिया है। रिहायसी क्वाटरों को पहले ही खाली कर दिया है, जिन्हें तोड़कर दुबारा निर्माण कराया जाएगा।

## यदुवंशी कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी आयोजित

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज एक भव्य पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था चेयरमैन पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरुभान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। सभी अतिथियों ने नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। फ्रेशर्स पार्टी में जूनियर और सीनियर छात्रों ने मिलकर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। डांस, सिंगिंग, कविताओं और फैशन शो ने दर्शकों का मन मोह लिया। खासकर रैंप वॉक और ग्रुप डांस ने खूब तालियां बटोरी।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को सम्मान समारोह आयोजित कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल अटेली में लड़कों व लड़कियों की विभिन्न प्रकार की जिला स्तरीय प्रतियोगिता करवाई गई थी, जिसमें जिलेभर अनेक स्कूल के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें उनके स्कूल से लड़कियों की विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता में नताशा पुत्री रणजीत सिंह ने 800 मीटर रेस में प्रथम, हर्ष पुत्र रणजीत सिंह ने अंडर–14 आयुवर्ग में आयोजित दौड़ में प्रथम, अमित ने अंडर–19 आयुवर्ग में आयोजित 800 मीटर दौड़ में प्रथम, केशव पुत्र रणजीत सिंह ने अंडर-17 आयु वर्ग में आयोजित 800 मीटर दौड में प्रथम, अंडर–19 आयुवर्ग में आयोजित शॉटपुट में हिमांशी ने प्रथम, अंडर–14 आयुवर्ग में आयोजित डिशकश थ्रो में अनिकेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कबड्डी की टीम ने भी छात्राओं ने सराहनीय प्रदर्शन किया। चेयरमैन सतनसिंह ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है।






# कनीना नपा उप प्रधान पद के लिए चुनाव कल

**कनीना।** नगर पालिका उप प्रधान पद के चुनाव के लिए छह सितंबर की तिथि निर्धारित की गई है। यह जानकारी देते हुए एसडीएम कनीना डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि नगर पालिका कनीना के नवनियुक्त प्रतिनिधियों को 25 मार्च को पंचकूला में शपथ दिलाई गई थी, लेकिन किसी प्रतिनिधि ने इस दौरान शपथ नहीं ली हो, तो उनको छह सितंबर को नगर पालिका कार्यालय में शपथ दिलाई जाएगी। चुनाव में भाग लेने के लिए उम्मीदवार एक प्रस्तावक व एक समर्थक सहित अपना नामांकन भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि छह सितंबर को सुबह 10 बजे नगर पालिका कनीना में उप प्रधान पद के चुनाव के संबंध में बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 11 से 11:30 बजे नामांकन पत्र लिए जाएंगे। 11:30 से 11:40 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। 11:40 से 12:00 बजे तक नाम वापसी होगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे यदि आवश्यक हुआ तो मतदान होगा। मतदान के तुरंत बाद परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी।




# आरती सिंह राव के अथक प्रयासों से मिली मेडिकल सीटों की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के अथक प्रयासों से हरियाणा के दो मेडिकल कॉलेजों को 100-100 एमबीबीएस सीटों की मंजूरी मिलने पर भाजपा नेता गौड़ ब्राह्मण सभा के सह सचिव हेमंत भारद्वाज एडवोकेट व क्षेत्र वासियों ने हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा का आभार जताया है।

हेमंत भारद्वाज ने कहा कि अब हरियाणा के जो प्रतिभावान छात्र छात्राएं नीट के एग्जाम में मेरिट में आए थे। उनका अपने प्रदेश में एडमिशन लेने का सपना साकार हो सकेगा। भारद्वाज ने कहा कि लंबे समय से मेडिकल कॉलेज कोरियावास जिला महेंद्रगढ़ व भिवानी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की क्लॉस शुरू करने को लेकर लोगों की मांग स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से की जा रही थी। जिसको लेकर 17 अगस्त को आरती सिंह राव ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी को पत्र लिखा था।

इसके बाद आरती सिंह के अथक प्रयासों से दोनों मेडिकल कॉलेजों को 100-100 सीटों की मंजूरी मिली है। भाजपा नेता हेमंत भारद्वाज एडवोकेट ने कहा कि पूरे हरियाणा में भाजपा सरकार बिना भेदभाव के विकास कार्य कर रही है। तेजी से हो रहे


**नारनौल।** आरती सिंह राव का आभार व्यक्त करते हेमंत भारद्वाज एडवोकेट। फोटो : हरिभूमि

विकास कार्यों को लेकर अब तो राजनैतिक विरोधी लोग भी स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की प्रशंसा करने को मजबूर होने लगे है।

हरियाणा में आज विपक्ष नाम की कोई चीज नहीं है। राहुल गांधी बौखला कार अनाफ स्नाफ बयानबाजी करता रहता है। बिहार चुनाव में जनता कांग्रेस का सुपड़ा साफ कर देगी।

# विधायक ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

**महेंद्रगढ़।** विधायक कंवर सिंह यादव ने वीरवार को नई दिल्ली स्थित केंद्रीय सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से महेंद्रगढ़ क्षेत्र में पर्यटन विषय को लेकर मुलाकात की। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि महेंद्रगढ़ जिला अपने ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। विधायक ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि क्षेत्र की ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरों को सरंक्षित कर पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाए। पर्यटन से न केवल क्षेत्र की पहचान बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे, ताकि अधिक से अधिक पर्यटक यहां आकर क्षेत्र की संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य का आंनद ले सके और हमारी पुरानी संस्कृति से जुड़ सके। विधायक ने महेंद्रगढ़ शहर किला, माधोगढ़ किला और पर्यटन स्थानों को लेकर बातचीत हुई। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूरा भरोसा दिलाते हुए कहा कि महेंद्रगढ़ क्षेत्र में पर्यटन को लेकर जल्दी से जल्दी काम किया जाएगा, जिससे महेंद्रगढ़ की वर्षों पुराने ऐतिहासिक संस्कृति को विकसित किया जाएगा।




# सांसद रामचन्द्र जांगड़ा आज नारनौल में

**नारनौल।** राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा पांच सितंबर को सायं तीन बजे नारनौल आएंगे तथा वह 17 सितम्बर को रोहतक मे होने वाले विश्वकर्मा दिवस कार्यक्रम का निमंत्रण देने बीसी ए वर्ग के लोगों को दिशा–निर्देश देंगे।

यह जानकारी देते हुए जांगिड़ समाज के राज्य अध्यक्ष खुशीराम जांगिड़, जिला अध्यक्ष अशोक पैकन, पूर्व अध्यक्ष रोहताश नंबरदार एवं पूर्व जिला प्रधान पंचम कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि तालाब बहादुर सिंह स्थित सीताराम समारोह स्थल में बैकवर्ड क्लास ए समाज के प्रबुद्धजनों के साथ यह मीटिंग रखी गई।




# योगेश हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** गत 27 अगस्त की रात बोलनी गांव में हुई युवक योगेश की हत्या के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस हत्याकांड में पुलिस ने दो भाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है। बोलनी निवासी योगेश रेलवे स्टेशन पर वेंडर का कार्य करता था। वह गांव के के स्कूल के पास अपने दोस्तों के साथ शराब पी रहा था। इसी दौरान गांव के ही युवकों ने उस पर डंडों व पत्थरों से हमला कर दिया था। पता चलने के बाद योगेश के ताऊ रामकिशन ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। कसोला पुलिस ने कालिया और भाई भूरिया के खिलाफ रामकिशन के बयान पर हत्या का केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी बोलनी निवासी देवेंद्र उर्फ भूरिया को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ करने के लिए पुलिस ने कोर्ट से उसे 4 दिन के रिमांड पर लिया है। डीएसपी बावल सुरेंद्र श्योराण ने बताया कि इस मामले के अन्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## गढ़ी रुथल में एक दिवसीय किसान मेला आज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव गढ़ी रुथल के मंदिर में पांच सितंबर को 11 बजे एक दिवसीय किसान मेंला आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र महेंद्रगढ़ से वैज्ञानिकों द्वारा फसलों से संबंधित जानकारी दी जाएंगी व कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न स्कीमों की जानकारियां दी जाएगी। जिसमें मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद ब्लॉक समिति अध्यक्ष अटेली नांगल व संजय गोयल चेयरमैन नगरपालिका अटेली रहेंगे। इस किसान मेले में प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## यादव कल्याण सभा का शिविर रविवार को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 7 सितंबर को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि कैंप में डा. रवि राव मेडिसिन, डा. अनिल यादव हड्डीरोग, डा. गौरव यादव सर्जरी, डा. अजीत यादव बालरोग, डा. विदुला यादव नेत्ररोग व डा. अनिल यादव दंत रोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह फिजियोथेरेपी कन्सल्टेंसी के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ 9 को

**रेवाड़ी।** सोलहराही सेक्टर-1 स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में 9 सितंबर को शाम को 5 बजे से सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद मंदिर परिसर में 7 बजे से भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर के पुजारी बिजेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि सुंदरकांड पाठ के मुख्य यजमान अंकित लोहिया व प्राची लोहिया होंगे। कार्यक्रम में रेवाड़ी से गायक गोपाल वर्मा व दिल्ली से गायक धर्मबीर फौजी मनमोहक भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।






# यादव आर्थो & मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

पता : दादरी रोड़, नजदीक राव तुलाराम चौक, महेन्द्रगढ़ (हरि.)

हड्डी और जोड़ प्रत्यारोपण के लिए
यादव ऑर्थो & मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल अब

## आयुष्मान भारत
व हरियाणा सरकार

मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर की सुविधा उपलब्ध है

STAR Health Insurance — The Health Insurance Specialist | niva Bupa Health Insurance | SBI general INSURANCE — SURAKSHA AUR BHAROSA DONO | ICICI Lombard Nibhaye Vaade

के TPA पैनल पर भी उपलब्ध

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए हड्डी के फ़्रैक्चर का ऑपरेशन तथा घुटना और कूल्हे के जोड़ को बदलने का ऑपरेशन मुफ़्त में करने की सुविधा है

आप सभी को हरिभूमि के 29वें स्थापना दिवस एवं शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

### डॉ. राजीव यादव
(हड्डी रोग विशेषज्ञ)
- सभी प्रकार के फ्रैक्चर का प्लास्टर व ऑपरेशन से ईलाज।
- कमर व घुटने के दर्द का ईलाज।
- घुटने व कूल्हे के जोड़ बदलना।
- ऑर्थोस्कापी

### डॉ. सुमेर सिंह यादव
(दांत रोग विशेषज्ञ)
- बिना दर्द किए दांत निकालना
- जबड़ा (बत्तीसी) लगाना
- फिक्स दांत लगाना
- (आरसीटी) दांत की नसों का ईलाज
- मसूड़ों से खून व मुंह से बदबू (पायरिया) का इलाज

सम्पर्क सूत्र : 01285-221200



# CL PUBLIC SCHOOL
CL PUBLIC SCHOOL NARNAUL — Knowledge is Power
HUDA SECTOR-1, NARNAUL, MAHENDERGARH (HARYANA)
Smart School Smart Student

HAPPY TEACHERS' DAY !
To the mentors who light the path to success with passion and care...

THE ULTIMATE DESTINATION FOR THE PREPARATION OF NEET/IIT-JEE/NDA/CA/CLAT/CUET/OLYMPIADS & ALL OTHER COMPETITIVE EXAMS WITH SCHOOLING

A GLIMPSE OF DISTINGUISHED ACHIEVEMENTS OF THE YEAR

Qualified IIT-JEE: TUSHAR S/O MR. SURESH KUMAR; NIKHIL K. YADAV S/O MR. YOGENDER SINGH; BIKESH LOONAICH S/O MR. BHUPENDER SINGH

Qualified NEET-UG: NIKITA D/O MR. ASHOK KUMAR; PRACHI D/O MR. DINESH KUMAR; ISHIKA D/O MR. ISHWAR SINGH; RASHMI D/O MR. PALTU RAM

Qualified CA FOUNDATION: TUSHAR S/O MR. JITENDER KUMAR; MANSHI D/O MR. PARDEEP KUMAR

CLAT Qualifier: PRIYASHI — NATIONAL LAW UNIVERSITY SONIPAT

STATE LEVEL AWARD WINNERS HONOURED BY THE GOVERNOR OF HARYANA: 2nd Position VANYA JAIN in Clay Modelling; 3rd Position JAGRITI in Hand-Writing

AISSCE RESULT: 96% JAGARTI D/O MR. VIRENDER SINGH; 95% DEV BANSAL S/O MR. RAJESH BANSAL; 94% DIVYA YADAV D/O MR. RAVI KANT

AISSE RESULT: 96.8% VAISHNAVI BANSAL D/O MR. UMESH BANSAL; 96.6% TANVI D/O MR. RAKESH KUMAR; 95.6% AKSHAY JAIN S/O MR. RAJIV JAIN

Sports — Selected to Represent District Mahendergarh at STATE LEVEL SGFI GAMES, HARYANA
SKATING, TAEKWONDO, CHESS, FOOTBALL, VOLLEYBALL, NETBALL, ATHLETICS, JUDO, KARATE

www.clpublicschool.com | clps@clpublicschool.com | +91-9068069898, +91-9813928045



'शिक्षक दिवस' एवं 'हरिभूमि' के 30वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

# RPS GROUP OF SCHOOLS
Under the aegis of RPS Education Society, M/Garh
27 years of Excellence in Education

## Ensuring 360° Approach Towards Holistic Development

MARCHING PROUDLY FROM CLASSROOMS TO THE WORLD STAGE
Limitless Minds, Unstoppable Spirit!

NEET 2025 MARKS 625 SARIKA D/o Ms. SUNITA YADAV Mr. JOGENDER SINGH
JEE Main 2025 99.986 %ile HARSHI D/o Mr. YOGESH KUMAR
ISI (INDIAN STATISTICAL INSTITUTE, KOLKATA) AIR 2 ISHAN AFRIA; AIR 3 ANSHUL
NATIONAL ENTRANCE SCREENING TEST 2025 AIR 10 TANISHKA JAIN D/o Ms. SHWETA JAIN & Mr. VIVEK JAIN

107 Students Above 500 Marks NEET Qualifiers | 55 Students Above 99%ile JEE Main Qualifiers | 96 Students JEE Advanced Qualifiers | 145 Students NDA Written Qualifiers | 59 Students CLAT Qualifiers

CBSE CLASS - X: Above 98% 78+ | Above 95% 435+ | Above 90% 1221+
CBSE CLASS - XII: Above 98% 23+ | Above 97% 64+ | Above 95% 155+ | Above 90% 586+

ADMISSIONS OPEN For Session 2026-27 Limited Seats
Web.: www.rpsgroup.edu.in

ARCHITECTS OF FUTURE READY LEARNERS
Award Goes to RPS INTERNATIONAL SCHOOL, SECTOR 50, GURUGRAM

CUET-2025 AIR 3 PURVA SINGH Marks 1205/1250 D/o Ms. BHAWNA & Mr. KULDEEP SINGH

The Complete Schooling
1st Position Fancy Dress Competition STATE LEVEL BAL MAHOTSAV ABHAY

Kudos to CHAMPIONS
1st POSITION — CBSE CLUSTER XV FOOTBALL TOURNAMENT (U-17)
2nd POSITIONS — GIRLS YOGA TOURNAMENT CBSE North Zone -II; CBSE CLUSTER XV FOOTBALL TOURNAMENT (U-19); CBSE CLUSTER XV BOYS BADMINTON TOURNAMENT (U-19)
3rd POSITIONS — BOXING TOURNAMENT CBSE North Zone -II; GIRLS YOGA TOURNAMENT CBSE North Zone -II; GIRLS BASKETBALL TOURNAMENT CBSE CLUSTER-XV; CBSE CLUSTER XV GIRLS BADMINTON TOURNAMENT (U-14); CBSE CLUSTER XV BOYS BADMINTON TOURNAMENT (U-14); CBSE NORTH ZONE-II HOCKEY TOURNAMENT

Our Campuses: Mahendergarh Ph.:01285-222645, 9416150201 | Rewari Ph.:8222000359 | Rewari City Ph.:9053555526 | Dharuhera Ph.:9467064534 | Kosli Ph.:9255148141 | Behror Ph.:9529678004 | Hansi Ph.:9813196969, 9896100407 | Narnaul Ph.: 8198976666 | Hisar Ph.:8307760465 | Gurugram Sec.-50, Arcadia Ph.:8409989898, 7827466258 | Gurugram Sec.-89 Ph.:8222999182 | Karnal Ph.:8398000304/06 | Dharuhera International Ph.: 01274-295 925/824, 09257133925 | Rohtak Ph.: 7419998800 | Dadri Ph.: 8222048283, 84 | Kanina Ph. 7497872008, 7497872009 | Gurugram, Sec.-50, Rosewood : Ph.: 70424 96986

Top-Notch Hostel Accommodation for Boys and Girls at M/GARH, KANINA, BEHROR, KOSLI & HANSI CAMPUSES